# REVISION TEST SERIES

## H3-SET B

### Class 10 - हिंदी ब

**निर्धारित समय:** **1 hour and 30 minutes** **अधिकतम अंक:** **40**

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (अपठित गद्यांश)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[10]**

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।

i. हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था?

क) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में परतंत्र बनाना

ख) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना

ग) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में उन्नत बनाना

घ) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर न बनाना

ii. खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था?

क) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का

ख) रासायनिक उर्वरकों का

ग) कीटनाशकों का

घ) इनमें से कोई नहीं

iii. विशेषज्ञ हरित क्रांति की सफलता के लिए क्या आवश्यक मानने लगे?

क) प्राकृतिक खाद का प्रयोग

ख) कृत्रिम खाद का प्रयोग

ग) जैविक खाद का प्रयोग

घ) रासायनिक खाद का प्रयोग

iv. रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक का प्रयोग क्यों आवश्यक हो गया?

क) हरित क्रांति के कारण

ख) घटती आबादी के कारण

ग) बढ़ती आबादी के कारण

घ) फसल के कारण

v. गोबर की कम्पोस्ट खाद अब खेतों में नहीं पड़ती है क्योंकि-

1. किसान परम्परागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं
2. मवेशियों का स्थान ट्रेक्टर-ट्रोली ने ले लिया है
3. कीटनाशकों का अधिकाधिक प्रयोग होने लगा है

4. उर्वरा शक्ति बनी रहने के कारण

क) कथन i, ii व iii सही हैं

ख) कथन i, ii, iii व iv सही हैं

ग) कथन ii सही है

घ) कथन i, ii व iv सही हैं

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (व्यावहारिक व्याकरण)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) **क्रूर-से दिखनेवालों में कुछ** सज्जन भी हो सकते हैं। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

क) क्रिया पदबंध
ख) विशेषण पदबंध
ग) संज्ञा पदबंध
घ) सर्वनाम पदबंध

(ii) रेखांकित पदबंधों में से कौनसा सर्वनाम पदबंध का उदाहरण नहीं है ?

क) बच्चे **घर के पास** खेल रहे हैं।
ख) **मौत से जूझने वाला वह** मर नहीं सकता।
ग) **कक्षा में शोर मचाने वाले तुम** आज क्यों चुप हो।
घ) **मेरे बचपन का साथी** मोहित डॉक्टर है।

(iii) तेज़ हवा चलने के कारण छत पर सूख रहे **कपड़े नीचे गिर गए**। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

क) संज्ञा पदबंध
ख) क्रिया पदबंध
ग) विशेषण पदबंध
घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(iv) वह पुस्तक **पढ़ते-पढ़ते सो गया**। रेखांकित पदबंध है-

क) सर्वनाम पदबंध
ख) क्रिया पदबंध
ग) संज्ञा पदबंध
घ) विशेषण पदबंध

(v) हम **पढ़कर सो जाया करते हैं**। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

क) संज्ञा पदबंध
ख) सर्वनाम पदबंध
ग) विशेषण पदबंध
घ) क्रिया पदबंध

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) मेरा गाँव छोटा-सा है। उसके चारों ओर जंगल है। (सरल वाक्य)

क) क्योंकि मेरा गाँव छोटा-सा है इसलिए उसके चारों ओर जंगल है।
ख) मेरे छोटे-से गाँव के चारों ओर जंगल है।
ग) मेरा गाँव छोटा-सा है और उसके चारों ओर जंगल है।
घ) मेरा गाँव छोटा-सा है, जिसके चारों ओर जंगल है।

(ii) गाड़ी रुकते ही कुली अंदर घुस गए। (संयुक्त वाक्य)

क) क्योंकि गाड़ी रुकी इसलिए कुली अंदर घुस गए।
ख) जब गाड़ी रुकी तब कुली अंदर घुस गए।
ग) गाड़ी रुकी और कुली अंदर घुस गए।
घ) पहले गाड़ी रुकी फिर कुली अंदर घुस गए।

(iii) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं, का मिश्र वाक्य बनेगा-

क) जो सदा सुखी रहना चाहते हैं, वो स्वावलंबी बनें।
ख) सदा सुखी रहने वाला व्यक्ति स्वावलंबी होता है।
ग) जो स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी रहते हैं।
घ) यदि सदा सुखी रहना है, तो स्वावलंबी बनना

चाहिए।

(iv) मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा। (मिश्र वाक्य)

क) मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा और लूट लिया।

ख) जब मैं अकेला था तब मुझे चार गुंडों ने पीटा।

ग) मैं अकेला था जिस कारण चार गुंडों ने मुझे पीटा।

घ) क्यूंकि मैं अकेला था इसलिए चार गुंडों ने मुझे पीटा और लूट लिया।

(v) जब-जब चुनाव होते हैं तब-तब महँगाई बढ़ जाती है। (सरल वाक्य)

क) जब-जब चुनाव होते हैं तब-तब महँगाई बढ़ जाती है यह कटु सत्य है।

ख) जब-जब चुनाव होते हैं तब-तब महँगाई बढ़ जाती है।

ग) जैसे ही चुनाव होते हैं वैसे ही महँगाई बढ़ जाती है।

घ) चुनाव आने पर महँगाई बढ़ जाती है।

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (काव्य खंड)**

4. **निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[3]**

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार वारिद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
-यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल

I. बादलों के विमान में कौन घूम रहा है?

i. बादल
ii. पानी
iii. इन्द्र
iv. आकाश

II. पर्वत एकटक किसे निहार रहे हैं?

i. आकाश को
ii. पानी को
iii. झरने को
iv. प्रकृति को

III. 'रव-शेष रह गए हैं निर्झर!' का क्या तात्पर्य है?

i. सब कुछ शांत हो जाना
ii. बारिश का होना
iii. सब कुछ समाप्त हो जाना
iv. केवल पानी की आवाज का रह जाना

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **[2]**

(i) सैलानियों से तोप क्या कहती है?

क) मैं बड़ी घातक और शक्तिशाली हूँ

ख) मैं फौलाद से बनी हूँ

ग) मुझमें अब पहले जैसी बात नहीं

घ) मुझसे दूर रहना

(ii) अब 1857 की तोप क्या काम आती है?

क) शत्रुओं को मारने के काम आती है　　ख) सभी

ग) खिलौने और स्मारक का काम कर रही है　　घ) कंपनी बाग की शोभा बढ़ाने के काम आती है

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (गद्य खंड)**

6. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[5]**

दुनिया कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है। बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। अब गरमी में ज्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफ़ान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं। नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है। नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई (मुंबई) में देखने को मिला था और यह नमूना इतना डरावना था कि बम्बई निवासी डरकर अपने-अपने पूजा स्थल में अपने खुदाओं से प्रार्थना करने लगे थे।

I. पूरे संसार को टुकड़ों में किसने बाँट दिया?
   i. पशु
   ii. मनुष्य
   iii. विज्ञान
   iv. धर्म

II. पंछियों को बस्तियों से किसने भगाया?
   i. मानव ने
   ii. विज्ञान ने
   iii. तूफान ने
   iv. प्रदूषण ने

III. मानव और प्रकृति के असंतुलन का परिणाम क्या नहीं है?
   i. गर्मी में अधिक गर्मी
   ii. संसार की रचना
   iii. वातावरण की बर्बादी
   iv. प्राकृतिक आपदाएँ

IV. बंबई निवासी अपने-अपने पूजा स्थलों में प्रार्थना क्यों करने लगे थे?
   i. प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए
   ii. उन्हें धर्म पर विश्वास था
   iii. अन्य जीव-जंतुओं से बचने के लिए
   iv. संसार को टुकड़ों में बाँटने के लिए

V. बढ़ती हुई आबादी ने क्या करना शुरू किया?
   i. दीवारें खड़ी करना
   ii. प्रकृति को असंतुलित करना
   iii. सैलाब और तूफान लाना
   iv. दुनिया के वजूद की खोज

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **[2]**

(i) हज़रत मुहम्मद को कौन-सा पक्षी प्रिय है?

क) कबूतर | ख) मैना
ग) कोयल | घ) मोर

(ii) **अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले** पाठानुसार समाज को किन लोगों ने गिराया है?

क) आदर्शवादियों ने | ख) सभी
ग) सजगवादियों ने | घ) व्यवहारवादियों ने

**खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न**

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए **[4]**

(i) **पर्वत प्रदेश में पावस** के आधार पर "टूट पड़ा भू पर अंबर" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) अंग्रेजी शासन काल और स्वतंत्रता के बाद कंपनी बाग की स्थिति में क्या बदलाव आया है? तोप कविता के आधार पर बताइए।

(iii) तोप और चिड़ियाँ किसका प्रतीक है? तोप कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए **[2]**

(i) लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक प्रकृति और मनुष्य के संबंधों में किन बदलावों को महसूस किया? **अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले** पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) लेखक के अनुसार मानव के पूर्व और वर्तमान स्वरूप में क्या अंतर आ गया है? अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले पाठ के आधार पर बताइए।

10. **वृक्ष की व्यथा** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **[4]**

अथवा

**एक नदी का दुख** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।